
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 23.05.2022 से 28.05.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## करनाल में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

(दिनांक 24.05.22)




**विषय: करनाल में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने करनाल दौरे के दौरान 88 करोड़ 29 लाख रुपये के लागत की चार विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

जिसमें करनाल–इंद्री रोड पर बलड़ी बाईपास के निकट नगर निगम करनाल की ओर से बनाए गए श्री आत्म मनोहर मुनि जी महाराज की स्मृति में श्री घंटाकर्ण महावीर मनोहर द्वार का उद्घाटन। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा शिव कॉलोनी एसटीपी से हकीकत नगर तक सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का शिलान्यास। इसके साथ–साथ उन्होंने करनाल शहर के एसटीपी से विभिन्न गांवों तक जाने वाली सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का शिलान्यास। जिससे गांव रांवर, शेखपुरा, गंगोगढ़ी, ऊंचा समाना, बजीदा जटान, कुटैल, कैरवाली, अमृतपुर कलां, मुबारकाबाद, अलीपुर माजरा, कलरों, चौरा की लगभग 6400 एकड़ कृषि भूमि को फायदा होगा।

इसके आलावा मुख्यमंत्री जी ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के एक अन्य प्रोजैक्ट कैरवाली से मुंडोगढ़ी तक ड्रेन का पुनर्निर्माण और इंद्री एस्केप की बुर्जी नम्बर 145000 से बुर्जी नम्बर 159000 तक खुदाई के लिए परियोजना का भी शिलान्यास किया। जिससे गांव कैरवाली, फाजिलपुर, माजरा, चौरा, दारूलामा, तात्तरपुर और बहलोलपुर की कृषि भूमि को बाढ़ की समस्या से बचाया जा सकेगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हरियाणा राज्य के श्रमिकों को पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए बैठक

(दिनांक 25.05.22)




**विषय: हरियाणा राज्य के श्रमिकों को पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिल्ली पहुंचकर नई दिल्ली में केंद्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन व श्रम एवं रोजगार मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी के साथ बैठक कर हरियाणा के श्रमिकों को नागरिक अस्पतालों की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने की दिशा में हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग और कर्मचारी राज्य बीमा निगम के मध्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर सहमति प्रदान की।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी ने कहा कि हरियाणा में श्रमिकों की सामान्य सेवाओं–सुविधाओं , श्रमिक कल्याण योजनाओं के सही रूप में कार्यान्वयन के संदर्भ में हरियाणा सरकार बेहतर काम कर रही है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा में श्रमिकों को पर्याप्त चिकित्सा सेवा–सुविधाओं के लाभ देने की दिशा में ईएसआई अस्पताल सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बैठक में गुरुग्राम में स्थापित होने वाले 500 बैड क्षमता के ईएसआई अस्पताल परियोजना के अतिरिक्त प्रदेश में स्थापित होने वाले अन्य 5 ईएसआई अस्पतालों, नर्सिंग महाविद्यालय व ईएसआई डिस्पेंसरियों के संदर्भ में गहन विचार–विमर्श हुआ। साथ ही उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग हरियाणा व कर्मचारी राज्य बीमा निगम के मध्य जल्द ही एमओयू होगा और केंद्र तथा राज्य के श्रमिकों का विभिन्न प्रकार का डाटा भी सांझा किया जाएगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## अरावली सफारी पार्क परियोजना

(दिनांक 25.05.22)



**विषय: अरावली सफारी पार्क परियोजना।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अरावली क्षेत्र को विकसित करने की योजना संबंध में अधिकारीयों के साथ बैठक की। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा में 10 हजार एकड भूक्षेत्र में स्थापित की जाने वाली अरावली सफारी पार्क परियोजना को विश्वस्तरीय प्रारूप व पहचान दी जाएगी।



उन्होंने कहा कि हरियाणा को पर्यटन हब के रूप में विकसित किए जाने की दिशा में अरावली सफारी पार्क परियोजना एक महत्वपूर्ण घटक होगा। अरावली सफारी परियोजना की स्थापना के लिए स्थान व भूमि को चिन्हित किया जा चुका है।

साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अरावली क्षेत्र के जीर्णोद्धार व संरक्षण के लिए हरियाणा सरकार द्वारा कई कार्य किए गए है। केंद्रीय मंत्री ने अरावली सफारी के प्रारूप में हरियाणवी आंचलिक सांस्कृतिक पहचान का समावेश किए जाने के लिए भी कहा है। अरावली सफारी को विश्वस्तरीय पहचान व प्रारूप दिए जाने की दिशा में विश्व के विभिन्न देशों में स्थापित कुछ विश्वस्तरीय सफारी पार्कों का दौरा भी किया जाएगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## फरीदाबाद बीजेपी जिला कार्यालय 'अटल कमल' का उद्घाटन का उद्घाटन

(दिनांक 25.05.22)




**विषय: फरीदाबाद बीजेपी जिला कार्यालय 'अटल कमल' का उद्घाटन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने फ़रीदाबाद पहुंचकर यहां बने नवनिर्मित पार्टी कार्यालय का उद्घाट किया। इस कार्यालय को अटल कमल नाम दिया गया है। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार अंत्योदय की भावना के साथ काम कर रही है। हमारा दायित्व 'कमल' के आशीर्वाद से प्रेरणा लेकर आमजन की दुख तकलीफों को दूर करना है। ऐसे में पार्टी कार्यकर्ता अंत्योदय की भावना के साथ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की समस्या का समाधान करने के लिए कार्य करें।

उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि उन्हें अपने नाम के साथ–साथ 'कमल' को भी याद रखना है। आमजन तक पहुंचकर जनसंपर्क करना है और सरकार की सभी नीतियों का जरूरतमंद व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि अगर हम समय पर जरूरतमंद की मदद करेंगे तो इसका लाभ पार्टी संगठन को भी होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन को चलाने के लिए 5 क की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि इसमें कार्यालय, कार्यकर्ता, कोश, कार्यक्रम और कार्यपद्धती शामिल है। उन्होंने कहा कि हमें इन सभी कार्यों के साथ–साथ 'कमल' पर भी हमें गर्व है। इसी संकल्प को लेते हुए हमने प्रदेश के सभी 22 जिलों में तैयार होने वाले पार्टी कार्यालय के नाम के साथ 'कमल' शब्द जोड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय हम सभी के लिए सेवा का मंदिर हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी कार्यालय आमजन की सेवा का केंद्र बनेंगे। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम, रोहतक हुए पंचकूला कार्यालय क्षेत्रीय कार्यालय के तौर पर भी कार्य करेंगे। उन्होंने कम समय में कार्यालय तैयार करने के लिए कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि हम पार्टी की उपलब्धियां जनता के बीच लेकर जाएंगे। प्यासा कुएं के पास जाता है ये कहावत है लेकिन हम कुएं को प्यासे के पास लेकर जाएंगे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 69 लाख लोगों का डाटा पीपीपी के जरिये हमारे पास है। 1,80,000 वार्षिक से कम आय वाले परिवार को आयुष्मान भारत का लाभ भी देंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत दस लाख नए परिवारों को बीपीएल योजना का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व सड़क सुरक्षा बीमा योजना जैसी योजनाओं में प्रीमियम की आधी राशि केंद्र सरकार देती है लेकिन जरूरत पड़ी तो इसकी आधी राशि प्रदेश सरकार भी देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टेज 3, 4 के कैंसर मरीजों को हमने 2500 रुपए प्रतिमाह पेंशन देने की घोषणा की है और थैलेसीमिया के मरीजों को भी हम मदद करते हुए 2500 रुपए पेंशन देंगे।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## ओढ़ा (सिरसा) की प्रगति रैली

(दिनांक 26.05.22)



**विषयः ओढ़ा (सिरसा) की प्रगति रैली।**

**प्रभावः** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज सिरसा पहुंचकर जिले के ओढ़ा में आयोजित की गई प्रगति रैली को संबोधित किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने रैली में आए कार्यकर्ताओं को नमन करते हुए कहा कि इस भरी गर्मी और धूप में आप यहां आए है और इतनी देर से बैठें है आपने आज सूरज को भी मात दे दी। आपकी यही निष्ठा और लगन ही पार्टी की ताकत है।

मुख्यमंत्री जी ने ओढ़ा में आयोजित प्रगति रैली के दौरान सिरसा जिले को 575 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री जी ने ओढ़ा रैली में संबोधित करते हुए कहा कि विधायक चाहे उनकी पार्टी का हो या विपक्ष का, लेकिन उन्होंने पूरे प्रदेश में समान विकास करवाया है। हरियाणा की पूरी जनता को अपना परिवार मानते हुए, हरियाणा एक–हरियाणवी एक की भावना को लेकर कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने के लिए उन्हें खेलों की तरफ आगे बढ़ाएं। इसके लिए सिरसा जिले के 50 गांवों में 5 से 10 लाख रुपये की लागत से जिम या अन्य खेलों के खेलने की व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सिरसा जिले में नशे की बहुत बड़ी समस्या है। 2022 में अभी तक सिरसा में 24 व फतेहाबाद में 16 मौतें नशे से हो चुकी हैं । नशे पर रोक लगाना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए सिरसा जिले में ज्यादा से ज्यादा नशामुक्ति केंद्र खोले जाएंगे। पुलिस व नारकोटिक्स ब्यूरो द्वारा भी जागरूकता फैलाई जाएगी। गांवों में कमेटियां व टीम बनाकर इसको लेकर जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। वहीं नशा बेचने वालों पर भी सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने ओटू झील के किनारे लगते गांवों के किसानों को बड़ी सौगात देते हुए एक महीने तक इस झील की मिट्टी उठाने की अनुमति प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि किसान 6 टन



या 10 टन की ट्रॉली को यहां से भरवाकर अपने खेत में डाल सकते हैं। ट्रॉली भरने की व्यवस्था सरकार द्वारा की जाएगी। किसान को इसके लिए 100 रुपये प्रति टन देना होगा। एक महीने तक इसके लिए कोई परमिशन या लाइसेंस की जरुरत नहीं होगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शेरावाली डिस्ट्रीब्यूटरी पर काम शुरू हो गया है। 5 जून से टेल तक पानी पहुंचेगा। इससे आसपास के 20 से 25 गांवों को फायदा होगा।

---

# राज्य स्तरीय महर्षि कष्यप जयंती समारोह

## (दिनांक 27.05.22)




**विषय: राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने करनाल में आयोजित महर्शि कष्यप जयंती के अवसर पर अयोजित राज्य स्तरीय समारोह में शिरकत की। इस समरोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने भारी जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि दानवीर कर्ण की नगरी में इस महाआयोजन में शामिल होना उनके लिए अत्यंत प्रसन्नता का विषय है। मुनिराज कष्यप महान परोपकारी और प्रजापालक थे और उन्होंने समाज को एक नई दिशा देने के लिए स्मृति ग्रंथ और कष्यप संहिता जैसे महान ग्रंथों की रचना की। ऐसे महान ऋषि का प्रेरणादायक व्यक्तित्व मानव जाति का सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा। इसके साथ ही उन्होने कहा कि कष्यप समाज का इतिहास प्राचीन काल से ही

# साप्ताहिक सूचना पत्र




गौरवपूर्ण रहा है। इस समाज ने रामायण काल में निशाद जैसे बलशाली राजा दिये। राजा निशाद ने ही वनवास के समय प्रभु श्री रामचंद्र जी को अपने यहां आश्रय दिया था। भक्त प्रहलाद भी इस समाज की देन हैं। महर्शि कष्यप का वंशज यह समाज, बहादुर और कमेरे वर्ग का समाज माना जाता है। आजादी के आंदोलन में इस समाज की बड़ी सराहनीय भूमिका रही है। इस समाज के लोग साहसी, वीर, परिश्रमी और स्वाभिमानी हैं और लोगों में अपार क्षमताएं हैं। वे क्षमताओं का पूरा उपयोग करके न केवल अपनी कौम का भला कर सकते हैं बल्कि पूरे समाज के विकास में रचनात्मक भूमिका निभा सकते हैं।

इसके अलावा माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर कई घोषणाएं भी की जिनमें महर्शि कष्यप के जन्मोत्सव को रिस्ट्रिक्टेड अवकाश की लिस्ट में शामिल करना। महर्शि कष्यप की जीवनी पर शोध के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में महर्शि कष्यप चेयर स्थापित करना। करनाल के सेक्टर 14 का चौक का नाम महर्शि कष्यप जी के नाम पर करना तथा जुंडला राजकीय कालेज का नाम महर्शि कष्यप के नाम पर रखा जाना शामिल है।

साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि महर्शि कष्यप जी की जयंती हर साल ऐसे ही राज्य स्तरीय समारोह आयोजित करके मनाई जाएगी तथा उनके नाम पर एक अंत्योदय कौशल रोजगार केन्द्र भी खोला जाएगा।

इसके अलावा मुख्यमंत्री जी ने कष्यप समाज की 4 धर्मशालाओं करनाल, कुरुक्षेत्र, बिलासपुर और सफीदों के लिए 44 लाख रूपये अनुदान की घोषणा भी की।

---

## ओढां आईटीआई में किया रक्तदान शिविर का उद्घाटन

(दिनांक 27.05.22)

**विषय: ओढां आईटीआई में किया रक्तदान शिविर का उद्घाटन।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने सिरसा दौरे के दौरान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ओढां में रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने रक्तदाताओं से बातचीत कर उनके इस प्रयास की सराहना की। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि रक्तदान बहुत ही पुण्य का कार्य है। स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान जैसे पुण्य कार्य में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। रक्तदान से एकत्रित रक्त से ही जरूरतमंदों को नया जीवनदान मिलता है।

इस रक्तदान शिविर का आयोजन सर्व आईटीआई अनुबंध अनुदेशक संघ हरियाणा, भारतीय मजदूर संघ जिला सिरसा के द्वारा शिव शक्ति ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया। इस रक्तदान शिविर में लगभग 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मुख्यमंत्री जी ने रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए सभी कर्मचारियों की हौसला अफजाई की।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गुरुग्राम प्रगति रैली

(दिनांक 29.05.22)



**वषय: गुरुग्राम प्रगति रैली।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज गुरुग्राम पहुंचकर यहां आयोजित गुरुग्राम प्रगति रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हम युवाओं को रोजगार योग्य बनाकर स्वावलंबी बनाने में विश्वास रखते हैं और इसलिए हम स्टैंडअप पॉलिसी पर कार्य कर रहे हैं, लेकिन कुछ नेता 'सिटडाउन पॉलिसी' से जनता को बहकाकर उन्हें सबकुछ मुफ्त में देने का वायदा कर रहे हैं। 'सिटडाउन पॉलिसी' समाज के लिए घातक है और लोग अब इस नीति के नुकसान को भली–भांति समझ रहे हैं।

इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुरुग्राम के लिए 2711 करोड़ रुपये घोषणाएं कर गुरुग्रामवासियों को विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री जी द्वारा आज की गई यह घोषणाएं वित्तीय रूप से आज तक की रैलियों के माध्यम से की गई सबसे बड़ी घोषणाएं हैं।

मुख्यमंत्री जी ने गुरुग्रामवासियों के लिए पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए घोषणा की कि 1275 करोड़ रुपये से जीएमडीए के माध्यम से विभिन्न् परियोजनाएं स्थापित की जाएंगी। इनमें 235 करोड रुपये की लागत से 200 एमएलडी वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और 965 करोड़ रुपये की लगात से सेक्टर– 77 से 80 और सेक्टर– 103 से 115 के लिए सीवरेज सिस्टम का कार्य शामिल है। इसके अलावा, बादशाहपुर के सेक्टर 68 से 115 के ड्रेनेज नेटवर्क के कार्य को पूरा करने के लिए भी 75 करोड़ रुपये मंजूर करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री जी ने गाजीपुर और पटौदी में पीएचसी के निर्माण के लिए 3.60– 3.60 करोड़ रुपये की घोषणा की। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि सोहना विधानसभा क्षेत्र में 10 गांवों में 10 बोरवेल के लिए 4 करोड़ 42 लाख रुपये, तथा पटौदी इलाके, जिनमें 86 गांवों 14 ढाणियों के पीने की समस्या को दूर करने के लिए 164 करोड़ रुपये की लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की भी घोषणा की।

उन्होंने गुरुग्राम जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में लोक निमार्ण विभाग से संबंधित 458 करोड़ रुपये की सभी मांगों को मंजूरी प्रदान की। इसके अलावा, नगर निगम, गुरुग्राम को विभिन्न कार्यों के लिए 200 करोड

# साप्ताहिक सूचना पत्र



रुपये राशि भी जारी करने की घोशणा की। उन्होंने स्कूलों को अपग्रेड करने, नई बिल्डिंगों के निर्माण सहित स्कूलों से संबंधित सभी कार्यों को भी मंजूर किया। इसके अलावा, श्री मनोहर लाल ने सोहना और तावडू में लघु सचिवालय के लिए 36–36 करोड़ रुपये भी मंजूर करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में पुराना बस स्टैंड, उसको 5 एकड़ जमीन पर सिटी बस सर्विस के लिए अलग से बनाया जाएगा और सीही गांव में 15 एकड़ भूमि में नया बस स्टैंड बनाया जाएगा। उन्होंने खेलों को बढ़ावा देने के लिए फरुखनगर, पटौदी, मानेसर, बादशाहपुर में स्टेडियम के निर्माण के लिए कुल 68 करोड रुपये की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री जी ने घोषणा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, उन स्थानों को छोड़ कर, जहां नगर निकाय के चुनाव हैं, में 800 इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद कर उन्हें वर्तमान में पेट्रोल–डीजल की सार्वजनिक बसों, थ्री– व्हीलर इत्यादि से बदला जाएगा।

साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अनधिकृत कॉलोनियों को निर्धारित मानदंडों के साथ रेगुलर करने की योजना बनाई है। इसी कड़ी में सोहना को छोड़कर गुरुग्राम जिले में 60 कॉलोनियों की सूची तैयार की गई है। इनका सर्वे करवाकर निर्धारित मानदंडों के अनुसार रेगुलर करने की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

उन्होंने कहा कि नजफगढ़ झील के कारण हजारों एकड़ भूमि जलमग्न हो जाती है, जिससे किसान परेशान है। इस समस्या को दूर करने लिए पंचायती जमीन की 90–92 एकड़ जमीन को झील के रूप में रखेंगे और उसके बाद एक बांध बनाया जाएगा, जिससे 5000 एकड़ जमीन सुरक्षित हो जाएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने गुरुग्राम गुरुग्राम को वर्ल्ड क्लास सिटी की लिस्ट में लाने के लिए यहां 1001 एकड़ में ग्लोबल सिटी बनाने की घोषणा भी की।

उन्होंने कहा कि आईकॉनिक सिटी होने के नाते गुरुग्राम की पहचान आज प्रदेश व देश में ही नहीं बल्कि दुनिया में बनी है। गुरुग्राम हरियाणा की आर्थिक राजधानी भी है और इतने वर्शों में गुरुग्राम का जो विकास हुआ है उससे आज गुरुग्राम सपनों का शहर बन गया है। उन्होंने कहा कि अगले 6 माह में गुरुग्राम में 1001 एकड़ में ग्लोबल सिटी बनाई जाएगी, जो सबसे बड़ी ग्लोबल सिटी होगी।